# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


क्रमांक / व्यापम / 2022 / 875 रायपुर, दिनांक 13/05/2022

## प्रेस विज्ञप्ति

**पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा (RDP22)-2022 के मॉडल उत्तर जारी करने के सम्बंध में**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा सचिव, छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नवा रायपुर द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा (RDP22)- 2022 का आयोजन दिनांक **24 अप्रैल 2022** को पूर्वान्ह **10:00** से **1:15** बजे तक किया गया।

उक्त चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर दिनांक **13.05.2022** को प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं । अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा/आपत्ति **18.05.2022** को संध्या **5.00** बजे तक दिये गये प्रारूप में व्यापम में स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा या व्यापम द्वारा निर्मित व्यापम की वेबसाइट पर दावा आपत्ति सेक्शन में जा कर दावा आपत्ति पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं।

पोर्टल पर दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीयन क्रमांक एवं जन्म तिथि डाल कर लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा आपत्ति दर्ज करानी होगी । दावा आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल URL के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । कृपया इसका भलीभॉति अध्ययन कर लें । दावा आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती भी डाउनलोड कर लेवें ।

पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा के व्यापम परीक्षा निर्देश के बिन्दु क्रमांक 10– दावा/आपत्ति का निराकरण में जो ई–मेल आई.डी. अंकित है, उक्त ई–मेल आई.डी. को निरस्त मानते हुए उपरोक्तानुसार दावा आपत्ति दर्ज करना सुनिश्चित करें ।

नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। दिए गए प्रपत्र में, प्रत्येक प्रश्न के लिए अलग पृष्ठ का प्रयोग करते हुए दावा/आपत्ति प्रस्तुत न होने पर भी उसे पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। एक पृष्ठ में एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर उन पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। दावा/आपत्ति के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही मान्य किया जावेगा।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर